स्प्रिट, रंग और खुशबू... नोएडा में STF के छापे के बाद नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (STF) की नोएडा यूनिट ने सोमवार को नकली 'देसी' शराब बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया. इस दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया. एजेंसी के मुताबिक, एसटीएफ के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि सूरजपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई है. अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे , सूबे के कई जिलों में शराब की दुकानों पर काम करने वाले 'सेल्समेन' के जरिए कम कीमत पर मिलावटी शराब बेचते थे. नोएडा एसटीएफ के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी पहले बुलंदशहर जिले में अवैध शराब बनाने की फैक्ट्री चलाता था.

Source: https://www.aajtak.in/india/news/story/fake-liquor-factory-making-spurious-wine-busted-in-noida-stf-arrests-four-ntc-2015539-2024-08-20